# व्यावसायिक आचार मार्गदर्शिकाएँ

पॉकेट संस्करण

Statkraft




हिंदी



# व्यवयासिक आचार से प्रतिबद्धता की शपथ

Statkraft की नीतियों और समाज एवम Statkraft द्वारा निर्धारित नैतिक, भ्रष्टाचार रोधी और आर्थिक अपराधों को रोकने के लिए बनाये गए नियमो का सम्मान निरंतर और सफल बिज़नेस के लिए अंत्यंत ज़रूरी है:

- हम किसी भी तरह के भ्रष्टाचार की कठोर निंदा करते है और इसको रोकने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है भले इसका असर किसी तरह के भी वाणिज्यिक उद्देश्य को पूरा करने पर पड़े
- हम चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में पूरी सावधानी और विवेक के साथ अपना काम करते है | हम खुद को लगातार शिक्षित और विकसित भी करते है जिससे हम हमारी बिज़नेस सम्बन्धी चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलती है
- हम उन्ही बिज़नेस पार्टनर के साथ काम करते है जो हमारे द्वारा उनके ईमानदार आचरण के आंकलन में मापदंडो पर खरा उतरते हैं या जिनके पास बेहतर बनने की मजबूत और विश्वसनीय योजना हो



- हम उन सब परिस्थितियों की पहचान करके रोकते है जो हमारे निजी हित और Statkraft के हितो में टकराव पैदा कर सकते है, और यदि ऐसी कोई परिस्थिति आती भी है तो तुरंत उसे रिपोर्ट एवं रोकने के प्रयास करते हैं
- हम खुले विचार और पारदर्शी वातावरण को बढ़ावा देते है जहाँ मैनेजर्स सबको बढ़ने और बोलने का मौका देते हैं
- कामकाज के दौरान कई प्रकार की दुविधा और संशय की स्तिथिया आती हैं - ऐसे में हमे सलाह लेनी चाहिए

Christian Rynning-Tønnesen

Anne Harris

Steinar Bysveen

Hallvard Granheim

Hilde Bakken

Jon Vatnaland

Jürgen Tzschoppe

व्यावसायिक आचार नियम #1

# भ्रष्टाचार-रोधी



# हम हर प्रकार के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का विरोध करते हैं

- हम किसी भी ऐसी चीज़ की पेशकश नहीं करते, नहीं देते, अनुरोध नहीं करते या हासिल नहीं करते जिसे स्टेटक्रॉफ्ट में हमारी स्थिति के संबंध में रिश्वत (कुछ भी मूल्यवान, वित्तीय या अन्य) माना जा सके।
- हम चाहते हैं कि हमारे एजेंट, आपूर्तिकर्ता और भागीदार भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों के अनुसार आचरण करें और इसे सुनिश्चित करने के लिए उनका पालन करें।
- हम भ्रष्टाचार से जुड़े खतरों का आकलन कर उन्हें रोकने का प्रयास करते हैं एवं संवेदनशील क्षेत्र जैसे खरीददारी और सरकारी संस्थाओं के साथ कार्य या सहभागीता पर विशेष ध्यान देते हैं।
- हमें पता है कि भ्रष्टाचार में, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, शामिल होने से नौकरी जाना, व्यक्ति का अभियोजन और कंपनी पर जुर्माना हो सकता है।
- संदेह होने पर हम बिना कोई देरी किए अपने लाइन प्रबंधक, कंप्लायंस यूनिट या अपने कंप्लायंस प्रबंधक से संपर्क करते हैं।

व्यावसायिक आचार नियम #2

# उपहार और अतिथि-सत्कार



# हम केवल वही उपहार और अतिथि-सत्कार देते और लेते हैं जो मामूली और उचित मूल्य हों

- हम सुनिश्चित करते हैं कि देने का प्रस्ताव / दिए और लिए गए सारे अतिथि-सत्कार का स्पष्ट व्यावसायिक प्रयोजन होना चाहिए और पूरी तरह से सामाजिक कारणों वाले समस्त अतिथि-सत्कार से बचना चाहिए।
- कम से कम उपहार देते हैं और सीमित मूल्य के सांकेतिक उपहार ही देते और स्वीकार करते हैं।
- हम जारी निर्णय लेने या प्रक्रियाओं को अनुबंधित करने के संबंध में किसी भी मूल्य के उपहारों या अतिथि-सत्कार का लेन-देन स्वीकार नहीं करते हैं।
- हम ऐसे उपहार और अतिथि-सत्कार नहीं देते या लेते हैं जो विलासपूर्ण और फ़िज़ूल हो, बार बार दिए या लिए गए हो, या फिर सबको पता चलने पर असहज करने वाले हो।
- हम परिवारजनो को दिए जाने वाले किसी भी प्रकार के उपहारों और अतिथि-सत्कार का खंडन करते हैं।
- निर्धारित सीमाओं (उपहारों के लिए 50 यूरो और अतिथि-सत्कार के लिए 130 यूरो, कुछ देशों के लिए ये सीमा कम है, ज़्यादा जानकारी **स्टेटक्रॉफ्ट स्ट्रीम** पर उपलबध है) से ज्यादा मूल्य वाले उपहारों और अतिथि-सत्कार के लिए हम पूर्वानुमति लेते हैं।
- हम किसी भी सरकारी अधिकारी को उपहार या अतिथि-सत्कार देने से सामान्य रूप से बचते हैं।
- हम हमेशा अपनी खुद की यात्रा, आवास और संबंधित खर्चों का भुगतान करते हैं।

व्यावसायिक आचार नियम #3

# सरकारी अधिकारी, संस्थाए और अन्य हितधारक



# हम सरकारी अधिकारियों, सरकारी संस्थाओं और अन्य सम्बंधित लोगो के साथ सावधानीपूर्वक काम करते हैं

- हम सुनिश्चित करते हैं कि सरकारी अधिकारियों और संस्थाओं के साथ सारी पारस्परिक-क्रियाएं पारदर्शी हों और अच्छी तरह से प्रलेखित हों।
- हम सरकारी अधिकारियों को उपहार या अतिथि-सत्कार देने से बचते हैं।
- हम सुनिश्चित करते हैं कि प्रचार करने की गतिविधियाँ पारदर्शी हों और किसी बाहरी प्रचारकर्ताओं से अनुबंध करने के लिए कंप्लायंस यूनिट से पूर्व अनुमोदन हासिल करते हैं।
- हम सुनिश्चित करते हैं कि स्थानीय समुदायों और गैर-सरकारी संगठनों के साथ सारी पारस्परिक-क्रियाएं और उनको दिए जाने वाले दान पारदर्शी हों, उचित प्रकार से प्रलेखित हों और पर्याप्त रूप से नियंत्रित हों।
- हम सुनिश्चित करते हैं कि सामाजिक कार्यो में किया गया निवेश क्षेत्रीय लोगो को सँभालने की कार्य रणनीति का हिस्सा हो।
- हम वित्तीय सहायता प्राप्त करने वाले संगठनों की पृष्ठभूमि जांच करते हैं और केवल वैध प्रयोजनों वाले तथा सत्यनिष्ठा के उच्च मानकों वाले संगठनों को ही सहायता प्रदान करते हैं।

व्यावसायिक आचार नियम #4

# हित का टकराव और उचित प्रतिस्पर्धा



# हम हितों के टकराव से बचते हैं और उचित प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करते हैं

## हित का टकराव

→ हम ऐसी स्तिथियों की पहचान करने और उनसे बचने पर ध्यान देते हैं जिनसे हमारे निजी हित और Statkraft के हित के बीच टकराव उत्पन्न होता हो।

→ हम अनुबंध संबंधी प्रक्रियाओं में हित के संभावित टकरावों पर विशेष ध्यान देते हैं।

→ हम हित के टकराव की स्तिथियों की रिपोर्ट बिना देरी किये अपने प्रबंधक को करते हैं।

→ हम सुनिश्चित करते हैं की निजी हितों के पंजीकरण और साथ ही हित के टकरावों का समाधान करने वाली व्यवस्थाओं का पारदर्शी तरीके से प्रलेखन किया जाए।

## उचित प्रतिस्पर्धा

→ हम प्रतिस्पर्धियों (विक्रेता संघ) के साथ किसी भी तरह का गैर कानूनी सहयोग या अन्य प्रकार की ऐसी व्यवस्थाएँ नहीं करते जो प्रतिस्पर्धा को सीमित करती हैं।

→ हम प्रतिस्पर्धियों से केवल तभी मिलते हैं जब ऐसा करने का कोई स्पष्ट और वैध प्रयोजन हो।

→ हम अन्य कंपनियों या बाहरी पक्षों के साथ वाणिज्यिक रूप से संवेदनशील किसी सूचना को नहीं बाटते।

→ हम इस बात को लेकर सावधान हैं की जब हम बाजार में वर्चस्व रखने वाली स्तिथि में हों तब हम इसका दुरुपयोग न करें।

→ हम सुनिश्चित करते हैं प्राप्त किया गया सरकारी ऋण या मदद राज्य द्वारा लागू नियमो के हिसाब से है।

व्यावसायिक आचार नियम #5

# व्यवयासिक भागीदार और सत्यनिष्ठा संबंधी उचित सावधानी



## हमें पता है कि हम किनके साथ व्यवसाय करते हैं और किन अनैतिक व्यावसायिक भागीदारों से हमें बचना है

- जब यह चयन करते हैं कि हम किनके साथ व्यवसाय करें (हमारे व्यावसायिक भागीदार) तो हम जाँच करते हैं और अनैतिक व्यावसायिक भागीदारों से बचते हैं।
- हम ऊँचे जोखिम वाले समस्त व्यावसायिक भागीदारों के लिए बैकग्राउंड जाँच करते हैं और कंप्लायंस यूनिट से प्रमाणिकता जांच का अनुरोध करते हैं (एजेंटों के साथ अनुबंधों, बड़े अनुबंधों, जोखिमपूर्ण शर्तों वाले अनुबंधों सहित और जहाँ व्यावसायिक भागीदार किसी उच्च जोखिम वाले देश में होता है)।
- हम एजेंट / प्रतिनिधि के साथ अनुबंधों की बहुत सावधानी से समीक्षा हैं और अनुबंध करने से पहले अनुपालन यूनिट से पूर्वानुमति प्राप्त करते हैं।
- हम सुनिश्चित करते हैं कि अचार संहिता में दी गयी धाराएं हमारे द्वारा किए जाने वाले अनुबंधों में शामिल किए जाएं।
- हम सुनिश्चित करते हैं कि अनुबंध पारदर्शी, और सटीक हों तथा उनमें उचित भुगतान के क्रम शामिल हो।

व्यावसायिक आचार नियम #6

# धोखाधड़ी



# हम हर किस्म की धोखाधड़ी को रोकने पर ध्यान देते हैं

- ➔ हम Statkraft के स्वामित्व वाली या उसके द्वारा संचालित सम्पतियों / वस्तुओं की चोरी या गबन में शामिल नहीं होते।
- ➔ हम हमेशा सुनिश्चित करते हैं कि भुगतान और खर्चों की भरपाई के दावे सही हों।
- ➔ हम हमेशा हमारे कार्य समय और यात्रा के खर्चों की भरपाई को सही प्रकार से दर्ज करते हैं।
- ➔ जब हम भुगतानों का अनुमोदन करते हैं तब हम आपूर्तिकर्ताओं द्वारा ज्यादा बिलिंग/छलपूर्ण पर्चियां देने से बचने पर ध्यान देते हैं।
- ➔ हम अपने व्यावसायिक भागीदार के बैंक खाते में केवल सीधे ही और अनुबंध में व्यक्त की गई सहमति के अनुसार भुगतान करते हैं।
- ➔ सामान्यतौर पर हम नकद नहीं देते।
- ➔ हम जान-बूझकर कोई ऐसी सूचना नहीं छुपाते जिससे Statkraft के हित को क्षति पहुँच सकती हो।

व्यावसायिक आचार नियम #7

# गोपनीयता और सूचना की देखभाल करना



# हम सूचना की गोपनीयता और उसकी उचित रूप से देखभाल सुनिश्चत करते हैं

- हम Statkraft की गोपनीय सूचना की रक्षा करते हैं।
- हम अन्य लोगों (आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों और भागीदारों) से संबंधित सूचना की गोपनीयता की रक्षा करते हैं।
- हम उचित प्राधिकार के बिना Statkraft या अन्य पक्षों से संबंधित गोपनीय सूचना नहीं मांगते, स्वीकार या प्रयोग करते हैं।
- हम वाणिज्यिक रूप से संवेदनशील जानकारी प्राप्त नहीं करते या प्रत्यक्ष / अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्पर्धियों के साथ नहीं बाटते।
- हम कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य व्यावसायिक भागीदारों से संबंधित सारे व्यक्तिगत डेटा की साज-संभाल लागू कानूनों का अनुपालन करते हुए करते हैं।
- हम गुप्त सूचना का खुलासा नहीं करते और इसकी देखभाल लागू कानूनों के अनुसार करते हैं।
- हम गुप्त सूचना के आधार पर व्यापार नहीं करते।

व्यावसायिक आचार नियम #8

# हम सलाह लेते हैं और दुविधाओं की रिपोर्ट करते हैं



# हम नैतिकता संबंधी दुविधाओं पर सलाह लेते हैं और आचार संहिता के संभावित उल्लंघनों के मसलों की रिपोर्ट करते हैं

- ➔ किसी नैतिकता संबंधी धर्मसंकट का सामना होने पर हम या तो अपने सहयोगियों, अपने प्रबंधकों से या फिर कंप्लायंस यूनिट जैसे अपने परामर्शी डिपार्टमेंट से सलाह लेते हैं।
- ➔ हम आचार संहिता के संभावित उल्लंघनों संबंधी मसलों की या तो अपने प्रबंधक से या कॉर्पोरेट ऑडिट को रिपोर्ट करते हैं।
- ➔ हम जांच शुरू नहीं करते या बाहरी जांचकर्ताओं को इसमें शामिल नहीं करते, क्योंकि सभी जांचें कॉर्पोरेट ऑडिट द्वारा नियंत्रित की जाएगी।
- ➔ अगर लाइन मैनेजर के रूप में हमारे सामने कोई रिपोर्ट किया गया मसला आता है तो हम ये कदम उठाते हैं:
  - रिपोर्ट किए गए मसले का प्रारंभिक मूल्यांकन और गुणवत्ता गारंटी का काम करते हैं।
  - अगर आपको लगता है कि यह एक मसला है तो इसकी कॉर्पोरेट ऑडिट को रिपोर्ट करें।
  - रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति को फीडबैक दें।
  - कॉर्पोरेट ऑडिट इस पर विचार करेगा कि कैसे फ़ॉलो अप किया जाए।

# व्यावसायिक आचार नियम




#1 भ्रष्टाचार-रोधी




#2 उपहार और अतिथि-सत्कार




#3 सरकारी अधिकारी, संस्थाएं और अन्य हितधारक




#4 हित का टकराव और उचित प्रतिस्पर्धा




#5 व्यावसायिक भागीदार और सत्यनिष्ठा संबंधी उचित सावधानी




#6 धोखाधड़ी




#7 गोपनीयता और सूचना की साज-संभाल




#8 हम सलाह लेते हैं और दुविधाओं की रिपोर्ट करते हैं

Hindi version - 14.06.2019

Design and production: Artbox